समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# फाजिल्का : बाढ़ प्रभावित गांवों के पशुपालकों को मिलेगा 60 क्विंटल मिनरल मिक्सचर

Gian Sahani
Published on 24 Sep 2025



**फाजिल्का, 23 सितम्बर।**

फाजिल्का जिले के **बाढ़ प्रभावित गांवों के पशुपालकों** को बड़ी राहत दी जा रही है। पशुपालन विभाग की ओर से **60 क्विंटल मिनरल मिक्सचर (धातुओं का चूरा)** बांटा जाएगा। इसकी शुरुआत आज **जिला उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू (IAS)** ने जिला प्रशासनिक परिसर से हरी झंडी दिखाकर की।

डीसी ने बताया कि **पशुपालन विभाग** ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से यह प्रबंध किया है। 60 क्विंटल मिनरल मिक्सचर की **बाजार कीमत करीब 12 लाख रुपये** है। इसे बाढ़ प्रभावित गांवों में विभाग द्वारा लगाए जाने वाले कैंपों में पशुपालकों को वितरित किया जाएगा।

पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर **डॉ. मनीदीप सिंह** ने जानकारी दी कि हर पशु को प्रतिदिन **50 ग्राम मिनरल मिक्सचर** चारे में मिलाकर देना चाहिए। इससे पशुओं का स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद **चारे की कमी** के कारण जानवरों में आवश्यक तत्वों की कमी हो जाती है। यह मिनरल मिक्सचर उन कमी को पूरा करेगा और उनकी **उत्पादकता बनाए रखने** में सहायक होगा।

इस अवसर पर **डॉ. जस्मीन कौर, डॉ. राजेश जाजोरिया, डॉ. सुनीत शर्मा, डॉ. साहिल सेतिया, डॉ. विश्वदीप पाहवा, डॉ. निपुन खुँगर, डॉ. ऋषभ जाजोरिया, डॉ. सक्षम सेठी, डॉ. अनमोल, श्री राजेद्रं प्रसाद और श्री लालचंद** विशेष रूप से उपस्थित रहे।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Gian Sahani, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.